**कॉलोनियों की खेती** • कलेक्टर पुरुषोत्तम ने रतलाम के अवैध निर्माण कार्यों की भी जांच के आदेश दिए

# सैलाना की अवैध कॉलोनियों पर चलेगा बुलडोजर, कलेक्टर ने एसडीएम को सौंपी जांच की जिम्मेदारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भूमाफिया द्वारा की जा रही अवैध कॉलोनियों की खेती का जाल शहर के दायरे से निकलकर ग्रामीण अंचल तक फैल चुका है। ताजा मामला सैलाना का है। शिकायतें मिलने के बाद सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जांच बैठा दी है। नजर रखते हुए पड़ताल कर पुख्ता कार्रवाई करने का जिम्मा एसडीएम कामिनी ठाकुर को सौंपा है। सैलाना की कुछ अवैध कॉलोनियां पहले ही जांच के घेरे में हैं। ऐसे में शहर के बाद जल्द सैलाना की अवैध कॉलोनियों पर सरकारी बुलडोजर चल सकता है। रतलाम के अवैध निर्माण कार्यों की जांच होगी। इसके लिए कलेक्टर ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया और एसडीएम शहर अभिषेक गेहलोत को जिम्मेदारी देते हुए सभी जरूरी कार्रवाई करने को कहा है।

सोमवार सुबह हुई समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अपर कलेक्टर मोहनलाल आर्य, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री अनुराग सिंह, पीएमजीएसवाई जीएम रणवीरसिंह तोमर, शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, आईटीआई प्राचार्य यूपी अहिरवार, जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

## सैलाना के एसडीओ मंडलोई का एक दिन का वेतन रोका

यूरिया विक्रय के मामले में सैलाना क्षेत्र मे सबसे ज्यादा गड़बड़ी की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए पड़ताल करने पर कृषि विभाग के एसडीओ ... मंडलोई की ढिलाई सामने आई। इस पर नाराज कलेक्टर ने जिला कोषालय अधिकारी को मंडलोई का वेतन रोकने के आदेश दे दिए। उधर ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा में पता चला कि 31 प्रकरणों में 42 लाख रुपए की स्वीकृति कर ऋण दिया जा चुका है। इस मामले में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया बैंकर द्वारा सपोर्ट नहीं किया जा रहा। इस पर कलेक्टर ने जोनल प्रबंधक के साथ बैठक करने और बैंक शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी दी।

## गड़बड़ी करने वाले सरपंच पर होगी एफआईआर, जाएंगे जेल

जिन सरपंचों ने गड़बड़ियां की हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करें। नोटिस का संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दें। इसकी जवाबदारी कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े को दी है। साथ ही जिला सहकारी बैंक प्रबंधक आलोक जैन को साफ निर्देश दिए कि सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो। गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध एफआईआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

दै. भास्कर 28/12/21

# शहर में अवैध निर्माण की जांच होगी, शगुन गार्डन की जांच के कलेक्टर ने दिए निर्देश

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर में सभी अवैध निर्माण कार्यों की जांच की जाएगी। निर्माणकर्ताओं के अवैध कार्यों की पड़ताल होगी। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में दिए। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक सोमवार सुबह संपन्न हुई। कलेक्टर ने निगम आयुक्त तथा एस डी एम शहर को अवैध निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शहर में शगुन गार्डन के निर्माण की भी जांच हेतु निर्देशित किया।

अपर कलेक्टर मोहनलाल आर्य, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े, एस डी एम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह, पी एम जी एस वाई जी एम रणवीरसिंह तोमर, शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, आई टी आई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार, जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में यूरिया विक्रय की समीक्षा में टॉप 20 बायर के भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त की। सैलाना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने पाया कि सैलाना कृषि विभाग के एस डी ओ द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जा रही है, रुचि नहीं ली जा रही है। सख्त नाराजगी के साथ कलेक्टर द्वारा एस डी ओ श्री मंडलोई का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में क्लस्टर क्षेत्र के गांव में वाहन पहुंचेगा और राशन उपलब्ध कराएगा। इसके लिए आदिवासी हितग्राही का वाहन कार्य करेगा जिसका भुगतान शासन करेगा। उनको वाहन खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न



### गड़बड़ी करने वाले सरपंचों को जेल भेजें

बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भिड़े को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावे, नोटिस दे। संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दे। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में या कहीं पर भी कोई भी भवन जर्जर हालत में नहीं हो। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा। इस संबंध में सभी अधिकारी जायजा लेवे।

### सैलाना क्षेत्र से मिल रही अवैध कॉलोनियों निर्माण की शिकायत

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सैलाना एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सतत नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कालोनियों के निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके पुख्ता कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला सहकारी बैंक प्रबंधक श्री आलोक जैन को सख्ती से निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी की नियमित रूप से शिकायतें मिलती रहती हैं। जो भी गड़बड़ करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध एफआईआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

### चेक डैम गेट निर्माण पर मात्र छह करोड़ खर्चे से 3 हजार एकड़ में सिंचाई

# काटजू नगर जैन मंदिर और सैलाना बस स्टैंड के पीछे का अतिक्रमण हटाया



काटजू नगर में सरकारी जमीन पर बने कबाड़ गोडाउन को हटाता निगम अमला।

भास्कर संवाददाता | रतलाम

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सोमवार को चली। इसमें काटजू नगर जैन मंदिर के पीछे 12 से ज्यादा लोगों द्वारा अवैध रूप से बनाए कबाड़ के भंडार तोड़े। वहीं, सैलाना बस स्टैंड के पीछे राजबाई जीन बावड़ी पर कबाड़ गोडाउन को जमींदोज कर दिया। इसके पास स्थित एक कोल डिपो से बड़ी मात्रा में कोयला जब्त किया। यहीं के पाटीदार टिम्बर मार्ट के संचालक ने नोटिस मिलने पर अपना गोडाउन खुद सामान हटाकर बंद कर दिया।

खासतौर पर प्रशासन की नजर ऐसे कबाड़ा और ज्वलनशील पदार्थों के व्यवसायियों पर है, जिन्होंने सरकारी जमीन पर कबाड़ा सेंटर व गोडाउन बनाकर कब्जा कर रखा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर नगर निगम ने ज्वलनशील पदार्थों का भंडारण करने वाले व्यवसासियों को नोटिस जारी किए थे। इनमें कबाड़ सेंटर, प्लास्टिक व प्लास्टिक से निर्मित सामग्री, लकड़ी, तेल, ऑइल, डीजल, गैस सिलेंडर और अन्य खतरनाक वस्तुओं के गोडाउन व दुकानें शामिल थीं। इन्हें हटाने के लिए 20 दिसंबर तक का समय दिया था। 24 दिसंबर को इन्हें हटाने की मुहिम शुरू करते हुए वेदव्यास कॉलोनी क्षेत्र में लच्छू कबाड़ी के 10 हजार वर्ग फीट का गोडाउन और हाट रोड से दो कबाड़ियों के गोडाउन को हटाया था। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया व्यवसायियों द्वारा भंडार नहीं हटाने पर नगर निगम द्वारा हटाया जा रहा है। इसमें लगने वाला खर्च 15 हजार रुपए प्रति घंटे के मान से व्यवसायियों से वसूला जाएगा।

दै. भास्कर 28/12/21

शहर की अवैध निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शहर में शगुन गार्डन के निर्माण की भी जांच हेतु निर्देशित किया।

अपर कलेक्टर मोहनलाल आर्य, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जमुना भिड़े, एस डी एम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह, पी एम जी एस वाई जी एम रणवीरसिंह तोमर, शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, आई टी आई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार, जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने जिले में यूरिया विक्रय की समीक्षा में टॉप 20 बायर के भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त की। सैलाना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने पाया कि सैलाना कृषि विभाग के एस डी ओ द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जा रही है, रुचि नहीं ली जा रही है। सख्त नाराजगी के साथ कलेक्टर द्वारा एस डी ओ श्री मंडलोई का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में क्लस्टर क्षेत्र के गांव में वाहन पहुंचेगा और राशन उपलब्ध कराएगा। इसके लिए आदिवासी हितग्राही का वाहन कार्य करेगा जिसका भुगतान शासन करेगा। उनको वाहन खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने जानकारी दी कि 17 प्रकरणों में स्वीकृति दी जा चुकी है, वितरण किया जा रहा है।

## कलेक्टर की सख्ती के बाद बैंकर्स दे रहे हैं तेजी से स्वीकृति

बैठक में जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला ने बताया कि विगत दिनों बैंकों की जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम द्वारा बैंकर्स को सख्ती से निर्देशित करने एवं कार्रवाई की चेतावनी के बाद स्वीकृति कार्य में तेजी आ गई है। बैंकों की बैठक पश्चात अब तक 31 प्रकरणों में 42 लाख रूपए की स्वीकृति एवं वितरण किया जा चुका है। इस मामले में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि बैंकर द्वारा उनको सपोर्ट नहीं किया जा रहा है, इस पर कलेक्टर ने बैंकों के जोनल प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित करने की बात कही। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी भी दी।



## गड़बड़ी करने वाले सरपंचों को जेल भेजें

बैठक में कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भिड़े को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावे, नोटिस दे। संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दे। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में या कहीं पर भी कोई भी भवन जर्जर हालत में नहीं हो। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा। इस संबंध में सभी अधिकारी जायजा लेवे।

## सैलाना क्षेत्र से मिल रही अवैध कॉलोनियों निर्माण की शिकायत

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम द्वारा सैलाना एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सतत नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कालोनियों के निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके पुख्ता कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला सहकारी बैंक प्रबंधक श्री आलोक जैन को सख्ती से निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी की नियमित रूप से शिकायतें मिलती रहती हैं। जो भी गड़बड़ करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध एफआईआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

## चेक डैम गेट निर्माण पर मात्र छह करोड़ खर्चे से 3 हजार एकड़ में सिंचाई

कलेक्टर ने बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमुना भिड़े को निर्देशित किया कि जिले के चिन्हित 600 चेक डैम पर गेट निर्माण कराया जाए जिससे पानी रुकेगा। प्रत्येक चेक डैम पर 1 लाख रुपया खर्च किया जाएगा। इस प्रकार मात्र 6 करोड रुपए खर्च किए जाकर लगभग 3 हजार एकड़ में सिंचाई क्षमता अतिरिक्त रूप से निर्मित हो सकेगी। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की कार्य योजना तैयार की जाए। बताया गया कि लगभग 76 हजार बच्चों को वैक्सीन लगाई जाएगी जो 15 से 18 वर्ष आयु के हैं। इसके लिए स्कूलों में ही कैंप लगाए जाएंगे।

## एनीमिक गर्भवती महिलाओं के लिए अभियान

बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में लगभग 14 हजार गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई है। उन महिलाओं को खून की कमी से बचाने के लिए कलेक्टर द्वारा विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी रजनीश सिन्हा तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रभाकर ननावरे को दिए। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट करवाए जाए। जिन महिलाओं में खून की कमी पाई जाए उनकी विशेष देखभाल एवं उपचार व्यवस्था की जाए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी के लिए लगभग 6 या 7 महिलाओं की जिम्मेदारी आती है, इसके लिए डॉक्टर्स की विशेष ड्यूटी लगाई जाए। सीएमएचओ फील्ड में भ्रमण करें। प्रत्येक महिला की पृथक से फाइल बनाई जाएगी जिसमें टीकाकरण, दवाएं, जांच की नियमित जानकारी प्रविष्टि की जाएगी।

## दस्तखत नहीं करने वाले डॉक्टर को नोटिस

सोमवार सुबह जिला चिकित्सालय में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती भिड़े, एस.डी.एम. अभिषेक गहलोत द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि उपस्थिति पंजी पर 20 चिकित्सकों द्वारा अपने दस्तखत नहीं किए गए। इस पर सभी चिकित्सकों को कलेक्टर के निर्देश पर शोकॉज नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

## मीक्षा बैठक में शगुन गार्डन की जांच के कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अब अवैध निर्माण की जांच, गड़बड़ी पर कार्रवाई

त्रिका न्यूज़ नेटवर्क
trika.com

लाम. प्रशासन ने अब शहर में हुए वैध निर्माण कार्यों की जांच शुरू रने की बात कही है। अब सभी र्माणकर्ताओं के अवैध कार्यों की ड़ताल होगी। यह निर्देश कलेक्टर मार पुरुषोत्तम ने सोमवार को लेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित मीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने गर निगम आयुक्त तथा एसडीएम हर को इस संबंध में आवश्यक शा-निर्देश दिए हैं। साथ ही शहर में गुन गार्डन के निर्माण की भी जांच लिए निर्देशित किया गया है।

वहीं दूसरी ओर कलेक्टर ने जेले में यूरिया विक्रय की समीक्षा में ग्रॅप 20 बायर के भौतिक सत्यापन की जानकारी ली। सैलाना में सबसे गड़बड़ी के चलते कलेक्टर ने पाया कि सैलाना कृषि विभाग के एसडीओ ने काम में ढिलाई बरती है। एसडीओ का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए।

कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक प्रबंधक आलोक जैन को निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में क्लस्टर क्षेत्र के गांव में वाहन पहुंचेगा और राशन उपलब्ध कराएगा। आदिवासी हितग्राही का वाहन कार्य करेगा जिसका भुगतान शासन करेगा। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने बताया कि 17 प्रकरणों में स्वीकृति दी जा चुकी है, वितरण किया जा रहा है।



बैंकों की बैठक के बाद अब तक 31 प्रकरणों में 42 लाख रुपए की स्वीकृति एवं वितरण किया जा चुका है। इस मामले में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि बैंकर द्वारा उनको सपोर्ट नहीं किया जा रहा है, इस पर कलेक्टर ने बैंकों के जोनल प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित करने की बात कही।

### गड़बड़ी करने वाले सरपंचों जाएंगे जेल

कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, उन्हे नोटिस दे और संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेजने की कार्रवाई करे। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा। इस संबंध में सभी अधिकारी जायजा ले।

### अवैध कॉलोनियों के निर्माण की शिकायत

बैठक में कलेक्टर द्वारा सैलाना एसडीएम कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कालोनियों के निर्माण की शिकायतें आ रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है।

पत्रिका २८/१२/२१

# काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में शासकीय जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण,

रतलाम। काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में बगीचे की शासकीय जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण पर आज प्रशासन का बुलडोजर चला है। शासकीय जमीन पर बने अवैध घरों को खाली करवा कर नगर निगम की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाया है। प्रशासन द्वारा इससे पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन नोटिस की समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के बाद नगर निगम की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया है। दरअसल प्रशासन की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने की मुहिम आज काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में शुरू की गई। जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 1 दर्जन से अधिक लोगों को 1 माह पूर्व ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए थे लेकिन अतिक्रमण कर्ताओं ने शासन के द्वारा जारी नोटिस की अनदेखी करते हुए तय समय सीमा के खत्म हो जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया । इसके बाद आज प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही में प्रशासन का बुलडोजर इस अवैध अतिक्रमण पर चला है।अतिक्रमण हटाने की मुहिम में हंगामे की आशंका के चलते स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मदद भी निगम प्रशासन ने ली है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

इन्दौर समाचार 28/12/21

# शासकीय जमीन से हटाया अतिक्रमण

रतलाम। काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में बगीचे की शासकीय जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण पर आज प्रशासन का बुलडोजर चला है। शासकीय जमीन पर बने अवैध घरों को खाली करवा कर नगर निगम की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाया है। प्रशासन द्वारा इससे पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे। लेकिन नोटिस की समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के बाद नगर निगम की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया है। अतिक्रमण हटाने की मुहिम में हंगामे की आशंका के चलते स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मदद भी निगम प्रशासन ने ली है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई।

अवन्तिका 28/12/21

## 10 वर्ष तक ठेकेदार करेगा एॅक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन का संचालन

रतलाम। अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन क्रय करना अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण है। इससे जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद इसके सहित पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। उक्त उद्गार विधायक रतलाम चेतन्य काश्यप ने एक करोड की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया बताया कि एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन एक मीटर गहराई तक जलकुंभी को निकालेगी। निकाली गई जलकुंभी से खाद बनाई जायेगी। यह मशीन 10 वर्षों तक ठेके पर चलाई जायेगी जिसमें मशीन का मेंटेनेंस, ड्रायवर, हैल्पर, डीजल-पेट्रोल ठेकेदार का ही रहेगा। इस कार्य पर कुल 1 करोड 89 लाख 60 हजार रूपए खर्च होंगे।


अग्निबाण 28/12/21

## प्रदेश में 6 हजार अवैध कॉलोनियों के वैध होने का रास्ता हुआ साफ

भास्कर संवाददाता | भोपाल

राज्य सरकार ने प्रदेश की 6 हजार अवैध कॉलोनियों को नियमित करने वाले ड्राफ्ट को अंतिम रूप दे दिया है। इसका प्रकाशन होते ही प्रदेश की 6 हजार कॉलोनियों के नियमितीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा। कॉलोनी वैध होने से भवन निर्माण की अनुमति मिलना आसान होगा। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि नगरीय निकायों में 31 अगस्त से 27 दिसम्बर तक कम्पाउंडिंग के 5320 प्रकरण प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4264 प्रकरण स्वीकृत किए जा चुके हैं। इससे नगरीय निकायों को 54 करोड़ 45 लाख रुपए की फीस मिली है। इंदौर निगम में 1975 प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं। इससे निगम को 41 करोड़ 89 लाख रुपए शुल्क प्राप्त हुआ। भोपाल में 1083 मामलों में फीस के रुप में 4 करोड़ 97 लाख रुपए मिले हैं। अगर बिना परमिशन ज्यादा निर्माण किया है तो नियमानुसार वैध करने के लिए आवेदन दिए जा सकेंगे। इसके लिए 20% की छूट 28 फरवरी तक दी जाएगी।

दै. भास्कर 28/12/21



# पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा अमृत सागर तालाब क्षेत्र -काश्यप

## एक करोड़ की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन का फीता काटकर किया लोकार्पण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण है। इससे जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद इसके सहित पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उक्त उद्गार विधायक चेतन्य काश्यप ने एक करोड़ की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। इस मशीन के माध्यम से तालाब की जलकुंभी को आधुनिक तरीके से निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि सीवरेज योजना के तहत घरेलू कनेक्शन हो जाने के बाद लगभग 10 हजार घरों का गंदा पानी तालाब में नहीं मिलेगा व जलकुंभी नहीं पनप पाएगी।

श्री काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब की भौगोलिक स्थिति अन्य शहरों की तुलना में उत्तम होने से योजना के तहत इस क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जाएगा जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि तालाब के चारो ओर सड़क, तालाब की पिचिंग का निर्माण करवाया जाएगा साथ ही गढ़ कैलाश क्षेत्र का विकास किया जाकर हरिद्वार में ऋषिकेश मार्ग पर लगी भगवान शिव की बड़ी भव्य प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा। पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ,पूर्व क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने भी संबोधित किया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत भाषण देते हुए योजना की जानकारी दी। आभार उपायुक्त विकास सोलंकी ने माना। स्वदेश।

स्वदेश 28/12/21

# अवैध व निर्माण अनुमति के विपरित निर्माण हेतु इंजीनियर होंगे जवाबदार

रतलाम। नगरीय क्षेत्र रतलाम अवैध व भवन निर्माण अनुमति के विपरित निर्माण पाये जाने पर वार्ड उपयंत्री, प्रभारी सहायक यंत्री व कार्यपालन यंत्री की जवाबदेही निश्चित करते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेशित किया है कि भविष्य में भवन अनुज्ञा तथा अवैध निर्माण से संबंधी सिर्फ वो ही प्रकरण मेरे समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार आयुक्त की स्वीकृति आवश्यक होगी।

नगरीय क्षेत्र में अवैध निर्माण या दी गयी भवन अनुज्ञा के विपरीत निर्माण होने की शिकायतें लगातार आती रहती है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वार्डों के उपयंत्री, प्रभारी सहायक यंत्री तथा लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अपने कर्त्तव्य का पालन कर्त्तव्यनिष्ठा से नहीं कर रहे है, यह स्थिति स्पष्ट रूप से कार्य के प्रति लापरवाही एव कर्त्तव्य के प्रति उदासीनता है, जो कि आपत्तिजनक होने के साथ ही अनुशासनहीनता की श्रेणी में है। रतलाम नगरीय क्षेत्र में ऑन लाईन भवन अनुज्ञा प्रदान किए जाने हेतु सभी वार्डों के उपयंत्रियों को भवन निरीक्षक तथा प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी को भवन अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्रसारण 28/12/21

# शहर में लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री हटाने का कार्य

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री की दुकानों भंडारण को नगर सीमा से निगम सीमा से बाहर करने के लिए मुहिम सोमवार को भी जारी रही। सोमवार को पांच दुकानों, भंडारण पर कार्रवाई की गई। बगैर अनुमति बनाए गए शेड तोड़े गए, कबाड़ सामग्री अन्यत्र पहुंचाई गई।

शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि काटजू नगर में सोमवार को तीन कबाड़ दुकानों पर कार्रवाई की गई। वहां खाली करवाने की कार्रवाई पश्चात बाउंड्रीवाल बनवाई जा रही है। इसके अलावा सैलाना बस स्टैंड के पीछे राजबाई जिनिंग क्षेत्र की दो दुकानों पर कार्रवाई की गई।

श्री गहलोत ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मंगलवार को दीनदयाल नगर और औद्योगिक क्षेत्र थाना एरिया में कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात माणकचौक और स्टेशन रोड पर कार्रवाई होगी। प्रसारण

प्रसारण 28/12/21

# शहर में जारी है कबाड़ हटाने की कार्रवाई

रतलाम. शहर में लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री की दुकानों भंडारण को नगर सीमा से निगम सीमा से बाहर करने के लिए प्रशासन की मुहिम सोमवार को भी जारी रही। इस दिन पांच दुकानों, भंडारण पर कार्रवाई की गई। बगैर अनुमति बनाए गए शेड तोड़े गए, कबाड़ सामग्री अन्यत्र पहुंचाई गई। शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि काटजू नगर में सोमवार को तीन कबाड़ दुकानों पर कार्रवाई की गई। वहां खाली करवाने की कार्रवाई के बाद बाउंड्रीवाल बनवाई जा रही है। इसके अलावा सैलाना बस स्टैंड के पीछे राजबाई जिनिंग क्षेत्र की दो दुकानों पर कार्रवाई की गई। उन्होने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। मंगलवार को दीनदयाल नगर और औद्योगिक क्षेत्र थाना एरिया में कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद माणक चौक और स्टेशन रोड पर कार्रवाई होगी।

पत्रिका 28/12/21

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मांडविया से की मुलाकात

# कोरोना की तीसरी लहर से निपटने के लिए उठा रहे हैं सभी कदम

- दिसंबर में सभी पात्र व्यक्तियों को वैक्सीन के दोनों डोज शत-प्रतिशत लगाने का रखा है लक्ष्य
- आक्सीजन की आपूर्ति के लिए संयंत्रों की स्थापना के साथ अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं





**भोपाल (राज्य ब्यूरो)।** कोरोना की तीसरी लहर की आशंका को देखते हुए अस्पतालों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया है। मंत्री जिला अस्पतालों का भ्रमण कर चुके हैं। ओमिक्रोन की आहट को ध्यान में रखते हुए सावधानियां बरती जा रही हैं। आपदा प्रबंधन समितियों को सक्रिय किया गया है ताकि कोरोना नियंत्रण में जनभागीदारी को सुनिश्चित किया जा सके। यह जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया को मुलाकात में दी। साथ ही प्रदेश को डीएपी और यूरिया की आपूर्ति करने के लिए आभार भी जताया। उन्होंने केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से भी भेंट की।

मुख्यमंत्री ने बताया कि दिसंबर में सभी पात्र व्यक्तियों को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज शत-प्रतिशत लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए टीकाकरण महाअभियान चलाया जा रहा है। लगातार समीक्षा हो रही है। ओमिक्रोन से निपटने की भी तैयारियां कर ली गई हैं। कोरोना नियंत्रण में मध्य प्रदेश का जनभागीदारी माडल सफल रहा है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए रात का कर्फ्यू लगाया गया है। कुछ और कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में आक्सीजन की आपूर्ति के लिए संयंत्रों की स्थापना के साथ अन्य कदम भी उठाए जा रहे हैं। वहीं, प्रदेश में किसानों को डीएपी और यूरिया पर्याप्त मात्रा में मिले, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार से भी लगातार आपूर्ति हो रही है। जिले में वितरण व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कलेक्टरों की जिम्मेदारी तय की गई है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि प्रदेश को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## खाद्य प्रसंस्करण को गति देने की योजना तैयार

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर से मुलाकात में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण के काम को गति देने के लिए योजना तैयार की गई है। किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ चंदन की खेती और बांस उत्पादन के लिए लगातार प्रेरित किया जा रहा है। दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने की कार्ययोजना भी तैयार की गई है।

95.

नईदुनिया। 28/12/21

# अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण शुरू

## पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा अमृत सागर क्षेत्र : काश्यप

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

अमृत सागर तालाब से जलकुंभी निकालने हेतु क्रय की गई एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन क्रय करना अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना का पहला चरण है। इससे जलकुंभी की सफाई के बाद अमृत सागर तालाब का स्वरूप निखरेगा। इसके बाद इसके सहित पूरे क्षेत्र को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।

उक्त उदगार विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप ने एक करोड की एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस मशीन के माध्यम से अमृत सागर तालाब की वर्षों पुरानी समस्या जलकुंभी से निजात मिलेगी। इस मशीन के माध्यम से तालाब की जलकुंभी को आधुनिक तरीके से निकाला जायेगा। उन्होंने कहा कि मशीन के माध्यम से तालाब से जलकुंभी को निकालने के साथ-साथ भविष्य में फिर जलकुंभी तालाब में ना पनपे, इस हेतु योजना के तहत नालों पर वेटलेड का निर्माण किया जाकर पानी का ट्रीटमेंट किया जाकर तालाब में छोड़ा जायेगा। सीवरेज योजना के तहत घरेलू कनेक्शन हो जाने के बाद तालाब में मिल रहा लगभग 10 हजार घरो का गंदा पानी तालाब में नहीं मिलेगा व जलकुंभी नहीं पनप पायेगी।



मुख्य अतिथि काश्यप ने कहा कि अमृत सागर तालाब की भौगोलिक स्थिति अन्य शहरों की तुलना में उत्तम होने से योजना के तहत इस क्षेत्र को पिकनिक स्पॉट के रूप में विकसित किया जायेगा जिससे रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि तालाब के चारो ओर सड़क, तालाब की पिचिंग का निर्माण करवाया जायेगा साथ ही गढ़ कैलाश क्षेत्र का विकास किया जाकर हरिद्वार में ऋषिकेश मार्ग पर लगी भगवान शिव की बड़ी भव्य प्रतिमा जैसी प्रतिमा का निर्माण कराया जाएगा।

पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल ने इस अवसर पर कहा कि 21 करोड़ की अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना से अमृत सागर क्षेत्र निश्चित ही भोपाल के सैर-सपाटा पर्यटन स्थल की तरह विकसित होगा व नगर के नागरिकों को रोजगार प्राप्त होगा क्योंकि जहां पर्यटन होता है वहां रोजगार होता है।

पूर्व क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि राकेश मीणा ने इस अवसर पर अमृत सागर क्षेत्र का जीर्णोद्धार कार्य प्रारंभ होने पर विधायक रतलाम शहर काश्यप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का कायाकल्प होकर गंदगी व मच्छरों की समस्या से मुक्ति तो मिलेगी साथ ही क्षेत्र स्वच्छ व सुन्दर होगा।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्वागत उदबोधन देते हुए अमृत सागर तालाब के संरक्षण व संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि एक्वेटिक विड हार्वेस्टर मशीन एक मीटर गहराई तक जलकुंभी को निकालेगी। एक बार में 5 क्यूबिक मीटर जलकुंभी संग्रहित कर तालाब के प्लेटफार्म तक लाकर हाईड्रोलिक की सहायता से डम्पर में डालेगी व निकाली गई जलकुंभी से खाद बनाई जायेगी। यह मशीन 10 वर्षों तक ठेके पर चलाई जायेगी जिसमें मशीन का मेंटेनेंस, ड्रायवर, हैल्पर, डीजल-पेट्रोल ठेकेदार का ही रहेगा। इस कार्य पर कुल 1.करोड 89 लाख 60 हजार रूपए खर्च होंगे।

सिंघम - २७/१२/२१

# अवैध निर्माण करने वालों के कामकाज की भी होगी जांच

## शगुन गार्डन पर कार्रवाई की तैयारी, समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



कलेक्टोरेट सभागार में टीएल बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम। • नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में अवैध निर्माण को लेकर मिल रही शिकायतों के साथ ही अब ऐसे निर्माण में शामिल लोगों के अवैध कामकाज की भी जांच की जाएगी। सोमवार को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त तथा एसडीएम शहर को इस संबंध में दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने शहर में शगुन गार्डन निर्माण की भी जांच के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर ने सैलाना एसडीएम कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सतत नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कालोनियों के निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके पुख्ता कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है।

**कृषि विभाग के एडीओ का वेतन रोकने के निर्देश :** कलेक्टर ने जिले में यूरिया विक्रय की समीक्षा में टाप 20 बायर की जानकारी ली। सैलाना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी की संभावना के चलते कलेक्टर ने पाया कि सैलाना कृषि विभाग के एसडीओ द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जा रही है, रुचि नहीं ली जा रही है। कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीओ मंडलोई का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए।

**सख्ती के बाद बैंकर्स दे रहे हैं तेजी से स्वीकृति :** बैठक में जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला ने बताया कि गत दिनों बैंकों की जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर द्वारा बैंकर्स को सख्ती से निर्देशित करने के बाद स्वीकृति कार्य में तेजी आ गई है। बैठक बाद अब तक 31 प्रकरणों में 42 लाख रुपये की स्वीकृति एवं वितरण किया जा चुका है। इस मामले में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि बैंकर द्वारा उनको सपोर्ट नहीं किया जा रहा है, इस पर कलेक्टर ने बैंकों के जोनल प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित करने की बात कही। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

**गड़बड़ी करने वाले सरपंचों को जेल भेजें :** कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत भिड़े को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई के लिए नोटिस दें। संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दें। कलेक्टर ने जिला सहकारी बैंक प्रबंधक आलोक जैन को सख्ती से निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी की नियमित रूप से शिकायतें मिलती रहती हैं। जो भी गड़बड़ करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध एफआइआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

**जर्जर भवनों से नुकसान पर अधिकारी जिम्मेदार :** कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में या कहीं पर भी कोई भी भवन जर्जर हालत में नहीं हो। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा।

**600 चेक डैम पर गेट लगाएं :** बैठक में सीईओ जिपं को निर्देशित किया कि जिले के चिन्हित 600 चेक डैम पर गेट निर्माण कराया जाए जिससे पानी रुकेगा। प्रत्येक चेक डैम पर एक लाख रुपया खर्च किया जाएगा। इस प्रकार मात्र छह करोड़ रुपये के खर्च से लगभग तीन हजार एकड़ में सिंचाई क्षमता अतिरिक्त रूप से निर्मित हो सकेगी।

नई।

नईदुनिया म। 28/12/21

### अवैध निर्माण पर इंजीनियर होंगे जवाबदार

रतलाम। नगरीय क्षेत्र में अवैध व अनुमति के विपरित निर्माण पाए जाने पर वार्ड उपयंत्री, प्रभारी सहायक यंत्री व कार्यपालन यंत्री की जवाबदेही तय करते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने आदेशित किया है कि भविष्य में भवन अनुज्ञा तथा अवैध निर्माण से संबंधी सिर्फ वो ही प्रकरण मेरे समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनमें निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार आयुक्त की स्वीकृति जरूरी होगी। नगरीय क्षेत्र में अवैध निर्माण की शिकायतें लगातार आती रहती है। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि वार्डों के उपयंत्री, प्रभारी सहायक यंत्री तथा लोक निर्माण विभाग के प्रभारी कार्यपालन यंत्री अपने कर्तव्य का पालन कर्तव्य निष्ठा से नहीं कर रहे हैं। यह स्थिति लापरवाही व आपत्तिजनक होने के साथ ही अनुशासन हीनता की श्रेणी में है। नई।

मौसम

## दिन और रात का तापमान बढ़ने से राहत, कम हुआ शीतलहर का असर

# सुबह देर तक छा रहा कोहरा, जगह-जगह जल रहे अलाव

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में मौसम के मिजाज फिर बदल गए हैं। लगातार तापमान में वृद्धि से दिन में शीतलहर का असर कमजोर हो गया है। इससे जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं। सुबह-शाम जरूर वातावरण में ठंडक बरकरार है। सुबह देर तक कोहरा भी छा रहा है।

जिले में बार-बार मौसम में परिवर्तन हो रहा है। बीते एक सप्ताह से लगातार रात के तापमान में वृद्धि हो रही है। एक सप्ताह में रात के तापमान में 6.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो चुकी है। सोमवार को दिन में सूरज की तेजी रही। इससे आमजन ने राहत महसूस की। सुबह व शाम मौसम में ठंडक घुल रही है। बच्चे और बड़े सभी गर्म वस्त्रों में लिपटे नजर आ रहे हैं। सर्द बयारों से बचाव के लिए जगह-जगह अलाव भी जलाए जा रहे हैं। रविवार के मुकाबले सोमवार को अधिकतम तापमान में 0.6 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह की आर्द्रता 78 प्रतिशत व शाम की 74 प्रतिशत रही, जो रविवार को क्रमशः 79 व 71 प्रतिशत थी।



रतलाम के रेलवे क्षेत्र में छाई कोहरे की धुंध। • नईदुनिया

**सार्वजनिक स्थानों पर जलाए अलाव :** सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैंड, बाजना बस स्टैंड, सैलाना बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मुखर्जी नगर, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, गोशाला रोड पेयजल टंकी, ऋतुराज संपवेल सहित शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों, चौराहों पर रात्रि में अलावा जलाए गए।

### एक नजर तापमान की चाल पर

| तारीख | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 27 दिसंबर | 26.2 | 12.6 |
| 26 | 25.6 | 11.2 |
| 25 | 25.2 | 11.8 |
| 24 | 26.6 | 10.6 |
| 23 | 28.2 | 09.6 |
| 22 | 28.2 | 08.0 |
| 21 | 25.2 | 06.7 |
| 20 | 23.0 | 06.0 |

नईदुनिया । 28/12/21

## गंदगी फैलाने वाले 47 लोगों से वसूला जुर्माना

**रतलाम।** खुले में गंदगी करने पर देशी शराब की दुकान सैलाना बस स्टैंड से 5000, राजेंद्र भाटी विनोबा नगर से 500, सुभाष पाटीदार कृषि उपज मंडी, गौरीशंकर अलकापुरी से 150-150, अनुज सैलाना बस स्टैंड, लखन बैरागी महू रोड, संजय, जगमोहन काटजू नगर, रमेश बाजना बस स्टैंड, विनीत शर्मा अमृत सागर, राजेश कुमार, वीरेंद्रसिंह दो बत्ती, नरेंद्रसिंह कृषि उपज मंडी, मांगीलाल सैलाना रोड, श्याम, दशरथ गायत्री टाकीज रोड, बीआर पाटीदार लौहार रोड, एबी चौहान लक्कड़पीठा रोड से 100-100, कालू सैलाना बस स्टैंड, मोतीलाल महू रोड, हरिओम काटजू नगर, बहादुर, कृष्णपाल बाजना बस स्टैंड, ओम, विकास, अनोखीलाल सागोद रोड, पाटीदार, बीआर जैन सैलाना रोड, रवि यादव, गोवर्धन, पंकज, अशोक, राजेंद्रसिंह, प्रिंस शर्मा राम मंदिर, तेजा राम, मदनलाल, जगदीश, अमृत सागर, चेतन दो बत्ती, रामेश्वर, किशन कृषि उपज मंडी, गाड़ी नंबर एमपी-43/बीए-2031, भेरूलाल, अर्जुन सैलाना रोड, विक्रम, दीपक राठौर शहीद चौक व राज अलकापुरी से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। स्पाट फाइन दल द्वारा सभी को भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

# नगर निगम अमले ने हटाई कबाड़ की पांच दुकानें

## सैलाना रोड और काटजू नगर में कार्रवाई



काटजूनगर क्षेत्र में कबाड़ दुकान हटाकर जगह समतल करती हुई जेसीबी। ● नईदुनिया

**रतलाम।** शहर में लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री की दुकानों, गोदाम को नगर सीमा से निगम सीमा से बाहर करने की मुहिम सोमवार को भी जारी रही। सोमवार को पांच स्थानों पर बगैर अनुमति बनाए गए शेड तोड़कर कबाड़ सामग्री अन्यत्र पहुंचाई गई।

शहर एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि काटजू नगर में सोमवार को तीन कबाड़ दुकानों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के बाद वहां बाउंड्रीवाल बनवाई जा रही है। इसके अलावा सैलाना बस स्टैंड के पीछे राजबाई जिनिंग क्षेत्र की दो दुकानों पर कार्रवाई की गई। साथ ही कोल डिपो से बड़ी मात्रा में कोयले को जब्ती में लिया गया। इसके अलावा पाटीदार टिम्बर मार्ट द्वारा नोटिस मिलने पर अपना गोदाम स्वयं हटा लिया। मंगलवार को दीनदयाल नगर और औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र व इसके बाद माणकचौक और स्टेशन रोड पर कार्रवाई होगी।

नईदुनिया 28/12/21

# नगर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाये



**रतलाम।** सर्द रातों में नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा बाल चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, पांजरा पोल, महू रोड बस स्टैण्ड, बाजना बस स्टैण्ड, सैलाना बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, मुखर्जी नगर, कालिका माता, नगर निगम, फायर ब्रिगेड, चांदनी चौक, गौशाला रोड पेयजल टंकी, ऋतुराज सम्पवेल सहित नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं चौराहों पर गत रात्रि अलावा जलाये गये।

प्रसारण २४/१२/२१

# शहर में सभी अवैध निर्माण कार्यों की जांच होगी

## समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने एसडीओ कृषि के वेतन रोकने के निर्देश दिए

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर में सभी अवैध निर्माण कार्यों की जांच की जाएगी। निर्माणकर्ताओं के अवैध कार्यों की पड़ताल होगी। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में दिए। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आज संपन्न हुई।



कलेक्टर ने निगम आयुक्त तथा एसडीएम शहर को अवैध निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शहर में शगुन गार्डन के निर्माण की भी जांच हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में यूरिया विक्रय की समीक्षा में टॉप 20 बायर के भौतिक सत्यापन की जानकारी प्राप्त की। सैलाना में सबसे ज्यादा गड़बड़ी की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर ने पाया कि सैलाना कृषि विभाग के एसडीओ द्वारा कार्य में ढिलाई बरती जा रही है, रूचि नहीं ली जा रही है। सख्त नाराजगी के साथ कलेक्टर द्वारा एसडीओ श्री मंडलोई का वेतन रोकने के निर्देश जिला कोषालय अधिकारी को दिए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना में सैलाना, बाजना, रतलाम ग्रामीण, आदिवासी क्षेत्रों में क्लस्टर क्षेत्र के गांव में वाहन पहुंचेगा और राशन उपलब्ध कराएगा। इसके लिए आदिवासी हितग्राही का वाहन कार्य करेगा जिसका भुगतान शासन करेगा। उनको वाहन खरीदने के लिए ऋण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने जानकारी दी कि 17 प्रकरणों में स्वीकृति दी जा चुकी है, वितरण किया जा रहा है।

बैठक में जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला ने बताया कि विगत दिनों बैंकों की जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर द्वारा बैंकर्स को सख्ती से निर्देशित करने एवं कार्रवाई की चेतावनी के बाद स्वीकृति कार्य में तेजी आ गई है। बैंकों की बैठक पश्चात अब तक 31 प्रकरणों में 42 लाख रुपए की स्वीकृति एवं वितरण किया जा चुका है। इस मामले में जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि बैंकर द्वारा उनको सपोर्ट नहीं किया जा रहा है, इस पर कलेक्टर ने बैंकों के जोनल प्रबंधक के साथ बैठक आयोजित करने की बात कही। साथ ही बैंक शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध कार्यवाही की चेतावनी भी दी।

### गड़बड़ी करने वाले सरपंचों को जेल भेजें

कलेक्टर ने सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भिड़े को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, नोटिस दे। संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दे। स्वदेश

### जर्जर भवनों से नुकसान पर अधिकारी जिम्मेदार

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में या कहीं पर भी कोई भी भवन जर्जर हालत में नहीं हो। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा। इस संबंध में सभी अधिकारी जायजा लेंवे।

### सैलाना क्षेत्र से मिल रही अवैध कॉलोनियों निर्माण की शिकायत

बैठक में कलेक्टर द्वारा सैलाना एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सतत नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कॉलोनियों के निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके पुख्ता कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है।

### सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी पर कार्रवाई

कलेक्टर द्वारा जिला सहकारी बैंक प्रबंधक आलोक जैन को सख्ती से निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी की नियमित रूप से शिकायतें मिलती रहती हैं। जो भी गड़बड़ करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध एफआईआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी।

### चेक डैम गेट निर्माण पर मात्र छह करोड़ खर्च से 3 हजार एकड़ में सिंचाई

कलेक्टर ने बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती जमुना भिड़े को निर्देशित किया कि जिले के चिन्हित 600 चेक डैम पर गेट निर्माण कराया जाए जिससे पानी रुकेगा। प्रत्येक चेक डैम पर 1 लाख रुपया खर्च किया जाएगा। इस प्रकार मात्र 6 करोड़ रुपए खर्च किए जाकर लगभग 3 हजार एकड़ में सिंचाई क्षमता अतिरिक्त रूप से निर्मित हो सकेगी।

### बच्चों को वैक्सीन हेतु शिविर

कलेक्टर ने बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. वर्षा कुरील को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की कार्य योजना तैयार की जाए। बताया गया कि लगभग 76 हजार बच्चों को वैक्सीन लगाई जाएगी जो 15 से 18 वर्ष आयु के हैं। इसके लिए स्कूलों में ही कैंप लगाए जाएंगे।

### एनीमिक गर्भवती महिलाओं के लिए अभियान

बैठक में बताया गया कि रतलाम जिले में लगभग 14 हजार गर्भवती महिलाएं चिन्हित की गई है। उन महिलाओं को खून की कमी से बचाने के लिए कलेक्टर द्वारा विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने कहा कि महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट करवाए जाए।

स्वदेश 28/12/21



# काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में शासकीय जमीन से हटाया अवैध अतिक्रमण, प्रशासन के नोटिस के बावजूद नहीं हटाया था अतिक्रमण

प्रसारण न्यूज • रतलाम

काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में बगीचे की शासकीय जमीन पर बने अवैध अतिक्रमण पर आज प्रशासन का बुलडोजर चला है। शासकीय जमीन पर बने अवैध घरों को खाली करवा कर नगर निगम की टीम ने जेसीबी से अतिक्रमण हटाया है।

प्रशासन द्वारा इससे पूर्व अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस की समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाए जाने के बाद नगर निगम की टीम ने आज मौके पर पहुंचकर शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त करवाया है।

दरअसल प्रशासन की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण हटाने की मुहिम आज काटजू नगर और आमलिया भैरव क्षेत्र में शुरू की गई। जिला प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण करने वाले 1 दर्जन से अधिक लोगों को 1 माह पूर्व ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश जारी किए थे, लेकिन अतिक्रमणकर्ताओं ने शासन के द्वारा जारी नोटिस की अनदेखी करते हुए तय समय सीमा के खत्म हो जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया। इसके बाद आज प्रशासन और नगर निगम की संयुक्त कार्यवाही में प्रशासन का बुलडोजर इस अवैध अतिक्रमण पर चला है।

अतिक्रमण हटाने की मुहिम में हंगामें की आशंका के चलते स्थानीय पुलिस और प्रशासन की मदद भी निगम प्रशासन ने ली है। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। प्रसारण।

प्रसारण २४/१२/२१

# पांच दुकान व गोदाम पर कार्रवाई, शेड तोड़कर सामग्री हटवाई

रतलाम। शहर में हानिकारक कबाड़ और अन्य सामग्री को हटाने की कार्रवाई सोमवार को भी जारी रही। सोमवार को पांच दुकानों, भंडारण पर कार्रवाई की गई। बगैर अनुमति बनाए गए शेड तोड़े गए, कबाड़ सामग्री अन्यत्र पहुंचाई गई।

**▶ हानिकारक कबाड़ व अन्य सामग्री हटाने की कार्रवाई**

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री की दुकानों भंडारण को नगर सीमा से निगम सीमा से बाहर करने के लिए मुहिम सोमवार को भी जारी रही। सोमवार को पांच दुकानों, भंडारण पर कार्रवाई की गई। बगैर अनुमति बनाए गए शेड तोड़े गए, कबाड़ सामग्री अन्यत्र पहुंचाई गई। शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत ने बताया कि काटजू नगर में सोमवार को तीन कबाड़ दुकानों पर कार्रवाई की गई। वहां खाली करवाने की कार्रवाई पश्चात बाउंड्रीवाल बनवाई जा रही है।

इसके अलावा सैलाना बस स्टैंड के पीछे राजबाई जिनिंग क्षेत्र की दो दुकानों पर कार्रवाई की गई। श्री गहलोत ने बताया कि कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## आज डीडी नगर व औद्योगिक थाना क्षेत्र में होगी कार्रवाई

लोक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक कबाड़ तथा अन्य सामग्री की दुकानों, भंडारण को हटाने की कार्रवाई आज भी जारी रहेगी। प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार दल आज औद्योगिक थाना क्षेत्र में कार्रवाई करेगा। दीनदयाल नगर और औद्योगिक क्षेत्र थाना एरिया में कार्रवाई की जाएगी। इसके पश्चात माणकचौक और स्टेशन रोड पर कार्रवाई होगी। नवभारत

नवभारत २४/१२/२१

## सुशासन दिवस : श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल ने हनुमान ताल परिसर की सफाई कर किया श्रमदान

रतलाम। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की शनिवार को 97वीं जयंती के उपलक्ष्य में श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल ने हनुमान ताल परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। वर्ष 2014 से इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेई की जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान ताल पर स्वच्छता मुहिम चलाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित ने बताया कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह लुनेरा मौजूद थे। इस दौरान जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव के अलावा वरिष्ठ भाजपा नेता पवन सोमानी, पूर्व पार्षद पप्पू पुरोहित, प्रहलाद पटेल, दिनेश राठौर, धीरज प्रजापत, राजेश पांचाल,प्रकाश बंसीवाल,नारायण सांखला, चेतन टांक,तन्मय त्रिवेदी बलराम भट्ट, अभिषेक शर्मा, सारिका दीक्षित, दिव्या शर्मा, मीना टांक,अनीता वसावा,संजय पांचाल, जयेश वसावा, संतोष ललवानी, रामेश्वर पुरोहित, मुकेश सोनी, हितेश सेन, प्रवीण सीरवी, संतोष जोशी, आलोक वर्मा, अमित कुमार सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने हनुमान ताल परिसर की सफाई कर श्रमदान किया। संचालन मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिंह देवड़ा ने किया एवं आभार मंडल उपाध्यक्ष विवेक शर्मा ने माना।

सिंहासन 27

सिंहासन 27/12/21

## 39 वर्षीय महिला की रिपोर्ट पाजिविट

रतलाम ● आज रतलाम की भरावा की कुई निवासी 39 वर्षीय महिला का सैंपल पाजिटिव मिला है। महिला को क्वारेंटाइन कर दिया गया है। जिले में शुरू से लेकर अब तक 17510 कोरोना मरीज मिल चुके हैं। स्वदेश

स्वदेश 28/12/21

# खुले में गंदगी करने पर 47 व्यक्तियों पर जुर्माना

**- जुर्माने के रूप में 8,300/- वसूले**
**- गंदगी करने वालो की सूचना स्पॉट फाईन दल को दें**

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर अतिक्रमण करते है, उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत 25, 26 व 27 दिसम्बर को 47 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 8,300/- की राशि वसूली।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार खुले में गंदगी करने पर देषी षराब की दुकान सैलाना बस स्टैण्ड पर 5000, राजेन्द्र भाटी विनोबा नगर पर 500, सुभाष पाटीदार कृषि उपज मण्डी, गौरीशंकर अलकापुरी पर 150-150, अनुज सैलाना बस स्टैण्ड, लखन बैरागी महू रोड, संजय, जगमोहन काटजू नगर, रमेश बाजना बस स्टैण्ड, विनित शर्मा अमृत सागर, राजेश कुमार, विरेन्द्र सिंह दो बत्ती, नरेन्द्रसिंह कृषि उपज मण्डी, मांगीलाल सैलाना रोड, श्याम, दशरथ गायत्री टॉकिज रोड, बी.आर. पाटीदार लौहार रोड, ए.बी. चौहान लकड़पीठा रोड पर 100-100, कालू सैलाना बस स्टैण्ड, मोतीलाल महू रोड, हरिओम काटजू नगर, बहादुर, कृष्ण पाल बाजना बस स्टैण्ड, ओम, विकास, अनोखीलाल सागोद रोड, पाटीदार, बी.आर. जैन सैलाना रोड, रवि यादव, गोवर्धन, पंकज, अशोक, राजेन्द्रसिंह, प्रिंस शर्मा राम मंदिर, तेजा राम, मदनलाल, जगदीश, अमृत सागर, चेतन दो बत्ती, रामेश्वर, किशन कृषि उपज मण्डी, गाड़ी नम्बर एमपी 43 बी.ए. 2031, भेरूलाल, अर्जुन सैलाना रोड, विक्रम, दीपक राठौर शहीद चौक व राज अलकापुरी पर 50-50 रूपए का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों से भी अपील की जाती है कि शहर को गंदा करने वाले नागरिकों, दुकानदारों आदि की जानकारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह मो. नं. 7471144930, झोन प्रभारी पर्वत हाडे मो. नं. 7471144931, किरण चौहान मो.नं. 7471144932, विनय चौहान मो.नं. 8770535145, विराट मेहरा 9770326691, स्पॉट फाईन दल के पवन झांझोट मो.नं. 7000128812, आकाश शिन्दे मो.नं. 9424075393, 7724981736 मनोज झांझोट मो.नं. 6268449110, राकेश ललावत मो.नं. 7000128812 को देकर नगर को साफ-स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करें।

प्रसारण 28/12/21

## परमिशन विपरीत निर्माण पर इंजीनियर होंगे जवाबदार

**रतलाम** | शहर में अवैध और अनुमति के विपरीत भवन निर्माण पाए जाने पर संबंधित वार्ड के उपयंत्री, प्रभारी और कार्यपालन यंत्री जवाबदार होंगे। इंजीनियरों की लापरवाही सामने आ रही है। यह अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। आगे से भवन अनुज्ञा तथा अवैध निर्माण से संबंधी सिर्फ वो ही प्रकरण मुझ तक आएंगे, जिनमें जिनमें निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों के अनुसार आयुक्त की मंजूरी आवश्यक होगी।

## गंदगी की, 47 व्यक्तियों से वसूले 8300 रुपए

**रतलाम** | स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम ने गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ मुहीम तेज कर दी है। तीन दिनों में शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए 47 व्यक्तियों पर 8300 रुपए का जुर्माना वसूला। इसमें देशी शराब दुकान सैलाना बस स्टैंड पर 5000 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया गया। विनोबा नगर, कृषि उपज मंडी, महू रोड, काटजू नगर में कार्रवाई की गई।

दैनिक भास्कर 28/12/21

## 2.15 मीट्रिक टन कचरा ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

**रतलाम।** नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत 25 से 27 दिसंबर तक 2.15 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 75495, ट्रैक्टर-ट्राली से 40645, काम्पेक्टर सूखा कचरा 53160, काम्पेक्टर गीला कचरा 42300 कुल 215750 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

नईदुनिया 28/12/21

# बूस्टर डोज लगने के बाद भी दुबई से आई महिला निकली कोरोना पॉजिटिव

## भरावा की कुई निवासी महिला की रिपोर्ट आई पॉजिटिव, पति व बच्चे की रिपोर्ट नेगेटिव

पत्रिका
बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com




रतलाम. जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार फिर से चाल पकड़ती नजर आ रही है। बीते पंद्रह दिनों के अंदर रतलाम में कोरोना का तीसरा नया केस सामने आया है। मेडिकल कॉलेज की लैब से सोमवार देर शाम आई रिपोर्ट में दुबई से रतलाम आई 39 वर्षीय महिला कोरोना पॉजिटिव पाई गई है। महिला के साथ पति और उसका बच्चा भी रतलाम आया है, जिनकी रिपोर्ट नेगेटिव आई है।

स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पॉजिटिव पाई गई महिला शहर के भरावा की कुई क्षेत्र की निवासी है। वह परिवार के साथ 25 दिसंबर की रात दुबई से रतलाम आई थी। इस दिन सुबह परिवार दुबई से मुंबई एयरपोर्ट पहुंचा था। उसके बाद ट्रेन से यह लोग रतलाम आए। यहां पर 26 दिसंबर को इनकी कोरोना जांच का सेंपल लिया गया था, जिसकी 27 दिसंबर को रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के महकमे के साथ ही प्रशासन भी और अधिक चौक्कना हो गया है।

### नियमों का करे पालन

वही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लोगों से अपील की है कि वह मास्क का उपयोग करने के साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करें। कोरोना से बचने के लिए नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। यदि मुंह पर सही तरीके से मास्क लगा होगा और हाथों को समय-समय पर सेनेटाइज करते रहेंगे या साबुन से धोते रहेंगे और भीड़ भरे क्षेत्र में जाने से बचेंगे तो इससे बच सकते हैं।

### मरीज को बूस्टर डोज भी लग चुका है

महिला की रिपोर्ट उस समय पॉजिटिव आई है जबकि उसे कोरोना का बूस्टर डोज भी दुबई में लग चुका है। पूरे परिवार को डोज लगा है लेकिन महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव है, फिलहाल वह पूरी तरह से होना बताई जा रही है। टीम के द्वारा महिला का सेंपल जिनोम जांच के लिए दिल्ली की लैब में भेजा जाएगा। फिलहाल वहां भेजे गए दो सेंपल की रिपोर्ट अब तक नहीं आई है। ऐसे में अब तीसरा सेंपल संभवत: मंगलवार को भेजा जा सकता है।

पत्रिका

पत्रिका 28/12/21

# 6000 अवैध कालोनियां होंगी नियमित

## नियम जल्द होंगे लागू, अनुमति से अधिक भवन निर्माण को वैध कराने में इंदौर-भोपाल आगे

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में अवैध कालोनियों को नियमित करने के लिए जल्द ही नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नियम तैयार कर लिया है, जिन्हें अधिसूचित करके लागू किया जाएगा। इससे लगभग छह हजार कालोनियों के नियमित होने का रास्ता साफ हो जाएगा। वहीं, अनुमति से अधिक भवन निर्माण को वैध कराने के लिए 28 फरवरी 2022 तक आवेदन दिए जा सकते हैं। अभी तक 5,320 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 4,264 प्रकरण स्वीकृत किए गए। इसके एवज में निकायों को जुर्माना राशि (शमन शुल्क) के 54 करोड़ रुपये से अधिक शुल्क प्राप्त हुआ।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में अवैध कालोनियों के नियमित होने के बाद यहां के रहवासियों को विभाग द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाएं मिलेंगी। भवन निर्माण की अनुमति के साथ बैंक से ऋण भी लिया जा सकेगा। नगरीय निकायों में अनुमति से अधिक भवन निर्माण को नियमित करने के 31 अगस्त से 27 दिसंबर 2021 तक पांच हजार 320 आवेदन प्राप्त हुए। अनुमति से अधिक निर्माण को नियमानुसार जुर्माना लेकर मान्य किया गया। इंदौर नगर निगम द्वारा सर्वाधिक एक हजार 975 प्रकरण स्वीकृत किए। इससे निगम को 41 करोड़ 89 लाख रुपये का शुल्क प्राप्त हुआ है। भोपाल में एक हजार 83 प्रकरण स्वीकृत हुए और चार करोड़ 97 लाख रुपये निगम को शुल्क मिला। अब इस अवधि को बढ़ाकर 28 फरवरी 2022 तक कर दिया है।

### प्रदेश भर के निकायों की स्थिति

| नगर निगम | स्वीकृत प्रकरण | जुर्माना राशि |
|---|---|---|
| इंदौर | 1,975 | 41.89 करोड़ रुपये |
| भोपाल | 1,083 | 4.97 करोड़ रुपये |
| ग्वालियर | 138 | 1.68 करोड़ रुपये |
| जबलपुर | 188 | 1.22 करोड़ रुपये |
| उज्जैन | 183 | 95.87 लाख रुपये |
| सतना | 14 | 58.66 लाख रुपये |
| रीवा | 64 | 55.19 लाख रुपये |
| रतलाम | 13 | 44.35 लाख रुपये |
| छिंदवाड़ा | 11 | 36 लाख रुपये |
| देवास | 17 | 35.84 लाख रुपये |
| सागर | 56 | 21 लाख रुपये |
| मुरैना | 18 | 20.92 लाख रुपये |
| सिंगरौली | 19 | 17.29 लाख रुपये |
| बुरहानपुर | 12 | 13.71 लाख रुपये |
| खंडवा | 13 | 12.17 लाख रुपये |
| कटनी | 18 | 9.40 लाख रुपये |



**28** फरवरी 2022 तक अनुमति से अधिक भवन निर्माण को वैध कराने के लिए आवेदन दिए जा सकते हैं।

**5,320** आवेदन प्राप्त हुए हैं अभी तक

## देश में विकास के मूलभूत ढांचे का विस्तार तेजी से हुआ : राज्यपाल

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। कोरोना ने सारी दुनिया की अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है, पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था तेजी से मजबूती की ओर बढ़ रही है। विकास के मूलभूत ढांचे के आधुनिकीकरण एवं विस्तार के काम तेजी से हुए हैं। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही। वे सोमवार को प्रशासन अकादमी में इंडियन इकोनामिक एसोसिएशन की 104वीं राष्ट्रीय संगोष्ठी के समापन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में फार्मा औषधि और इलेक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत के 33 स्टार्टअप एक साल में एक अरब डालर से अधिक वाले यूनिकार्न क्लब में शामिल हो गए हैं। राज्यपाल ने कहा कि सिकल सेल एनीमिया रोग के नियंत्रण में समाज और सरकार मिलकर कार्य करें। समाज का शिक्षित वर्ग जनजातीय समाज में व्याप्त इस जेनेटिक रोग के उन्मूलन में आगे बढ़कर सहयोग करें।

नईदुनिया 28/12/21

**डेवलपमेंट** • 400 हेक्टेयर में लॉजिस्टिक हब, 300 हेक्टेयर में टेक्सटाइल पार्क बनेगा

# बिबड़ौद-जुलवानिया औद्योगिक निवेश क्षेत्र 3 फेज में बनाया जाएगा

## 766 हेक्टेयर में से निवेशकों की जरूरत के हिसाब से मिलेगी जमीन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर से सटे बिबड़ौद से जुलवानिया तक 1466 हेक्टेयर में विकसित होने वाले स्पेशल इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट रिजन की योजना दो कदम आगे बढ़ गई है। ये तीन भाग में पूरी होगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) 400 हेक्टेयर में लॉजिस्टिक हब बनाएगा। वहीं, मेगा इंवेस्टमेंट टेक्सटाइल्स पार्क (मित्रा) योजना में 300 हेक्टेयर मेगा टेक्सटाइल पार्क विकसित होगा। इनके लिए कंसल्टेंट नियुक्त होकर अलग-अलग प्रोसेस चालू हो गई है। इसके बाद भी 766 हेक्टेयर जमीन बचेगी, जो विशेष निवेश क्षेत्र रहेगा। इसमें फार्मा, प्रोडक्शन, एजूकेशन, डीपी सहित सभी प्रकार की इंडस्ट्री लग सकेगी।

खास बात यह कि औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग (एमपीआईडीसी) निवेशकों की जरूरत के हिसाब से जमीन अलॉट कर इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित कर सुविधाएं जुटाएगा। इन सबको मिलाकर स्पेशल इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट रिजन में 25000 करोड़ का निवेश होगा। वहीं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग 40 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## फॉर्मा, प्रोडक्शन, एजुकेशन सहित कई इंडस्ट्रियां लग सकेंगी

**मेगा टेक्सटाइल पार्क :** यह मेगा इंवेस्टमेंट टेक्सटाइल्स पार्क (मित्रा) योजना में बनेगा, जो प्रदेश का सबसे बड़ा टेक्सटाइल पार्क होगा। देश में ऐसे सात मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाने का टारगेट है। इसके लिए केंद्र सरकार जल्द बीड निकालेगी। उसमें राज्य शासन रतलाम के लिए ऑफर देगा। इसकी जिम्मेदारी भी दिल्ली की एक कंपनी को दी गई है। उसके सहयोग से एमपी इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीआईडीसी) ने प्रपोजल बनाना शुरू कर दिया है। यह विशेष निवेश क्षेत्र के लिए मिली 1466 हेक्टेयर जमीन में से ही 300 हेक्टेयर हिस्से में बनेगा। उद्योगों को प्रोत्साहन देने सरकार ने कैप्रोलेक्टम, नायलन चिप्स, नायलन फाइबर और धागे पर बीसीडी दर एक समान करके 5% घटाने की घोषणा कर दी है।

**लॉजिस्टिक हब :** यह मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब होगा क्योंकि एक तरफ सड़क मार्ग से सीधे दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे से जुड़ेगा, तो दूसरी तरफ तीन किमी दूर दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग है। यह विशेष निवेश क्षेत्र के लिए आरक्षित 1466 हेक्टेयर जमीन में से ही लगभग 400 हेक्टेयर में बनेगा। इसके लिए राज्य सरकार ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को जमीन अलॉट कर प्रस्ताव भेज दिया है। इतना ही नहीं सर्वे करके प्री फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाने का काम दिल्ली की कंसल्टेंट कंपनी का सौंप दिया गया है। यह प्रायमरी रिपोर्ट अप्रूव होने के बाद आगे की प्रोसेस चालू होगी। सरकार से एमओयू होने के बाद एनएचएआई लॉजिस्टिक हब बनाने के साथ उसकी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर मार्केटिंग भी करेगा।

### विशेष निवेश क्षेत्र

यह लॉजिस्टिक और टेक्सटाइल पार्क के अलावा बचने वाली विशेष निवेश क्षेत्र की लगभग 766 हेक्टेयर में फैला होगा। इसे खुद औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग (एमपीआईडीसी) विकसित करेगा। वह भी निवेशक की जरूरत के हिसाब से। इसमें उद्योग, डिपो, भंडार केंद्र, सर्कुलेटिंग डिपो सहित अन्य संस्थाएं भी अपना सेंटर बना सकेंगी। लॉजिस्टिक हब के लिए सरकार जमीन चिन्हित कर चुकी है। टेक्सटाइल पार्क की जमीन तय होते ही एमपीआईडीसी प्रोजेक्ट को आगे बढ़ा देगा। प्रॉपर नक्शा बनाकर प्लॉनिंग होगी। निवेशकों की जरूरत अनुसार जमीन अलॉट कर सड़क, बिजली, पानी सहित अन्य सुविधाएं जुटाई जाएगी। इससे स्थापित होने वाले औद्योगिक संस्थानों को सुविधा होगी।

### कितने इलाके में निवेश क्षेत्र

| ग्राम | क्षेत्रफल (हेक्टेयर) |
|---|---|
| बिबड़ौद | 724.23 |
| सरवनी खुर्द | 28.660 |
| जामथुन | 2.15000 |
| जुलवानिया | 87.030 |
| पलसोड़ी | 634.523 |
| रामपुरिया | 5.940 |

### सरकार से संपर्क कर मॉनिटरिंग कर रहे हैं

विशेष औद्योगिक क्षेत्र के लिए आरक्षित जमीन पर एनएचएआई लॉजिस्टीक हब और केंद्र सरकार मेगा टेक्सटाइल पार्क बनाएगी। कंसल्टेंट नियुक्त हो गए हैं। जो जमीन बाकी रहेगी उसे एमपीआईडीसी निवेशकों की जरूरत के हिसाब से आवंटित कर विकसित करेगा। काम तेजी से कराने सरकार से संपर्क कर मॉनीटरिंग कर रहे हैं। चेतन्य काश्यप, विधायक

दै. भास्कर २४/१२/२१

# रतलाम में 14 दिन में तीन पॉजिटिव, दुबई से लौटी महिला संक्रमित, सैंपल दिल्ली भेजे

## अब तक विदेश से लौटे दो लोग संक्रमित मिल चुके हैं

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सावधान हो जाइए... धीरे-धीरे शहर में पॉजिटिव की संख्या बढ़ने लगी है। 14 दिन के अंतराल में 3 पॉजिटिव आ गए हैं। तीसरा पॉजिटिव सोमवार को मिला, जो कि विदेश से लौटी एक महिला है।

ओमिक्रॉन अलर्ट के बीच विदेश से लौटने वाले सभी लोगों की जांच की जा रही है। सोमवार को भरावा की कुई निवासी एक 39 साल की महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली। यह महिला दुबई से अपने पति और बेटे के साथ 25 दिसंबर की रात को लौटी थी। 26 दिसंबर को महिला और परिवार को सैंपल लिया था, जो कि पॉजिटिव निकला। परिवार में महिला के पति और बेटे की रिपोर्ट निगेटिव रही है। इधर, महिला को आइसोलेट किया है। वहीं, घर को कंटेनमेंट बनाया जा रहा है।

### 14 को मिला था पहला पॉजिटिव

14 दिसंबर को पहला पॉजिटिव मिला था, जो कि आलोट का युवक था। इसके बाद 23 दिसंबर को दूसरा पॉजिटिव आया था। वहीं, सोमवार को तीसरा पॉजिटिव मिला है। अब तक रतलाम में ओमिक्रॉन की पुष्टि नहीं हुई है। इसके लिए सैंपल दिल्ली भेजे जा चुके हैं, लेकिन एक भी सैंपल की रिपोर्ट नहीं मिली है।

### महिला को आइसोलेट किया है

▪ दुबई से लौटी महिला में संक्रमण की पुष्टि हुई है। महिला को आइसोलेट किया है। लोगों को सतर्क रहना होगा। मास्क, सैनिटाइजेशन और सामाजिक दूरी का पालन करें।

**गौरव बोरीवाल**, एपेडेमियोलॉजिस्ट, रतलाम

दै. भास्कर २८/१२/२१

# शगुन गार्डन के निर्माण की होगी जांच

रतलाम। शहर में सभी अवैध निर्माण कार्यों की जांच की जाएगी। निर्माणकर्ताओं के अवैध कार्यों की पड़ताल होगी। उक्त निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक में दिए। समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

## ▶ कलेक्टर ने निगमायुक्त और एसडीएम को दिए निर्देश

सोमवार सुबह संपन्न हुई।

कलेक्टर ने निगम आयुक्त तथा एसडीएम शहर को अवैध निर्माण कार्यों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही शहर में शगुन गार्डन के निर्माण की भी जांच हेतु निर्देशित किया। अपर कलेक्टर मोहनलाल आर्य, जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, एसडीएम अभिषेक गहलोत, डिप्टी कलेक्टर मनीषा वास्कले, डिप्टी कलेक्टर कृतिका भीमावद, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, लोक निर्माण विभाग कार्यपालन यंत्री अनुरागसिंह, पीएमजीएसवाई जीएम रणवीरसिंह तोमर, शहरी विकास परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, आईटीआई प्राचार्य यूपी अहिरवार, जिला योजना अधिकारी बीके पाटीदार आदि अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शहर में बने अवैध निर्माण को लेकर पूर्व में भी कार्रवाई की गई थी। कार्रवाई को लेकर जिले में हड़कंप है।

## सैलाना क्षेत्र: मिल रही अवैध कॉलोनियों निर्माण की शिकायत

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा सैलाना एसडीएम कामिनी ठाकुर को निर्देशित किया गया कि अपने क्षेत्र में अवैध निर्माण पर सतत नजर रखें। सैलाना क्षेत्र से अवैध रूप से कालोनियों के निर्माण की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं जिनकी एसडीएम पड़ताल करके पुख्ता कार्रवाई करें। सैलाना क्षेत्र में अधिकांश भूमि आदिवासियों की है जिनमें विशेष कानून लागू होता है।

## गड़बड़ी करने वाले सरपंचों को जेल भेजें

बैठक में कलेक्टर पुरुषोत्तम ने सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भिड़े को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जिन सरपंचों द्वारा गड़बड़ियां की गई है उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जावे, नोटिस दे। संतुष्टिपूर्वक उत्तर नहीं होने पर जेल भेज दे।

## जर्जर भवनों से नुकसान पर अधिकारी जिम्मेदार

कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि सभी विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके विभाग अंतर्गत मैदानी क्षेत्र में या कहीं पर भी कोई भी भवन जर्जर हालत में नहीं हो। यदि जर्जर भवन गिरता है और उससे कोई नुकसान होता है तो उसका जिम्मेदार संबंधित विभाग का अधिकारी ही होगा। इस संबंध में सभी अधिकारी जायजा लेवे।

## सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी पर कार्रवाई

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जिला सहकारी बैंक प्रबंधक आलोक जैन को सख्ती से निर्देशित किया कि उनकी सहकारी समितियों में पदस्थ लोगों द्वारा अनियमितता या गड़बड़ नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। सहकारी संस्थाओं में गड़बड़ी की नियमित रूप से शिकायतें मिलती रहती हैं। जो भी गड़बड़ करने वाले लोग हैं उनके विरुद्ध एफआईआर तथा जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं बैठक में जिला समन्वयक ग्रामीण आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला ने बताया कि विगत दिनों बैंकों की जिला समन्वय समिति की बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण प्रकरणों की स्वीकृति के लिए कलेक्टर ने बैंकर्स को सख्ती से निर्देशित करने एवं कार्रवाई की चेतावनी के बाद स्वीकृति कार्य में तेजी आ गई है। बैंकों की बैठक पश्चात अब तक 31 प्रकरणों में 42 लाख रूपए की स्वीकृति एवं वितरण किया जा चुका है।

नवभारत २८/१२/२१